<u>लोकसभा अध्यक्ष ने नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामना दी</u>

नई दिल्ली, 12 अप्रैल 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला में नव संवत्सर के अवसर पर समस्त देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा:

'आज विक्रम सम्वत के अनुसार नव वर्ष का प्रथम दिन है। मैं इस शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में आज बैसाखी का पर्व मनाया जा रहा है। आज के ही दिन दक्षिण भारत में विशू, उगादि, असम में रगोंली विहू, महाराष्ट्र में गुडीपडवा तथा देश के अन्य क्षेत्रों में चैत्र नवरात्र आरंभ, चेती चांद, झूलेलाल जयंती, मेष संक्रांति, पोहेला बोइशाख, सजीबू चेइराओबा तथा पुतांडू पिरापु के त्यौहार मनाये जा रहे हैं।

आज का दिन प्रकृति के वरदानों के लिए ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। यह अन्नदाता किसानों के प्रति हमारे सम्मान का प्रतीक भी हैं।

परन्तु कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में यह आवश्यक है कि त्यौहार मनाते हुए हम सोशल डिस्टन्सिंग बनाये रखें और सभी दिशानिर्देशों का पालन करें।

आइये आज नव वर्ष के इस पावन अवसर पर हम सब संकल्प ले कि नयी प्रतिबद्धता और नयी इच्छा शक्ति से राष्ट्र निर्माण के कार्य में अपना योगदान करेंगे।

इस नवसंवत के शुभ अवसर पर मेरी कामना है कि हमारा राष्ट्र सबल, सुरक्षित और उन्नत हो, सम्पूर्ण मानवता का कल्याण हो तथा हमारा देश समस्त विश्व का मार्गदर्शन करे।"